**16/08**/202**5**

आकाशवाणी ईटानगर

चीनी विदेश मंत्री और चीनी कम्युनिस्ट पार्टी के पोलित ब्यूरो के सदस्य वांग यी सोमवार से दो दिवसीय भारत यात्रा पर रहेंगे। वे राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल के निमंत्रण पर भारत आ रहे हैं। इस यात्रा के दौरान, चीनी विदेश मंत्री भारत के विशेष प्रतिनिधि श्री डोभाल के साथ भारत-चीन सीमा मुद्दे पर विशेष प्रतिनिधियों की 24वें दौर की वार्ता करेंगे। विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर अपने चीनी समकक्ष के साथ द्विपक्षीय बैठक करेंगे।

0000000000000000000000

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कल स्वतंत्रता दिवस पर अपने संबोधन में कहा कि दिवाली तक लागू होने वाले अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधारों से दैनिक आवश्यक वस्तुओं पर कर कम हो जाएँगे, जिससे एमएसएमई, स्थानीय विक्रेताओं और उपभोक्ताओं को लाभ होगा, साथ ही आर्थिक विकास को गति मिलेगी और एक अधिक कुशल, नागरिक-अनुकूल अर्थव्यवस्था का निर्माण होगा। उन्होंने कहा कि आयकर सुधार और फेसलेस असेसमेंट कर प्रणाली को पारदर्शी और कुशल बनाने के लिए शुरू किए गए थे।

0000000000000000000000

आज पूरे देश में श्री कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व धार्मिक उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। इस अव्सर पर राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल रिटायर्ड के.टी.परनाइक ने जन्माष्टमी की सभी को शुभकामनाएँ दी हैं। उन्होंने आशा व्यक्त की कि यह पावन पर्व सभी को जीवन में अपने लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु भगवान श्री कृष्ण के कर्म, सदाचार और उद्देश्यपूर्ण कर्म के शाश्वत संदेश का अनुसरण करने के लिए प्रेरित करता रहेगा।

0000000000000000000000

कल आईजी पार्क ईटानगर में उनासीवे स्वतंत्रता दिवस समारोह के दौरान प्रतिष्ठित राज्य पुरस्कार विजेताओं को प्रदान किए गए। इस अवसर पर, उत्कृष्ट सेवाओं और समर्पण के लिए एक स्वर्ण पदक, 8 रजत पदक और 18 प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। अरुणाचल स्काउट्स की दूसरी बटालियन के हवलदार और मानद नायब सूबेदार रिटायर्ड लेकी पासांग को स्वर्ण पदक से सम्मानित किया गया।

0000000000000000000000

उनासीवे स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर कल ईटानगर के आईजी पार्क, पाँच विभागों को उनकी सफल परियोजनाओं के लिए लोक प्रशासन में उत्कृष्टता के लिए 2025 का अरुणाचल प्रदेश मुख्यमंत्री पुरस्कार प्रदान किया गया। जिनमें शहरी नवीकरण परियोजना के लिए वेस्ट् सियांग ज़िला का शहरी विकास विभाग आलो, एपीपीएससी के पुनरुद्धार के लिए अरुणाचल प्रदेश लोक सेवा आयोग, उपचार संयंत्र के तहत

सेप्टेज प्रबंधन के लिए नामसाई का ज़िला शहरी विकास एजेंसी (दूदा), कनुबारी में बहुउद्देशीय केंद्र और मनोरंजन पार्क के लिए लोंडिंग ज़िले के उपायुक्त कार्यालय और उन्नत बाल शिक्षा के लिए टेक-वाडी तकनीक से सक्षम आंगनवाड़ी केंद्र के लिए बोमडिला की महिला एवं बाल विकास विभाग की उप निदेशक (आईसीडीएस) शामिल है।

0000000000000000000000

उपमुख्यमंत्री चाउना मेन ने कल नामसाई ज़िले के चोंगखाम स्थित पाली विद्यापीठ मैदान में राष्ट्रीय ध्वज फहराया। उन्होंने भारत के स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान को श्रद्धांजलि अर्पित की और राज्य के उन गुमनाम नायकों को भी याद किया जिन्होंने औपनिवेशिक शासन के विरुद्ध प्रतिरोध में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। श्री मेन ने मोमोंग गाँव के पैकेज्ड ड्रिंगकिंग वॉटर, KAT YEIN का भी शुभारंभ किया, जिसे अरुणाचल राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन (ArSLM), ग्राम स्वच्छता एवं जल समिति (VSWC), मोमोंग द्वारा विकसित किया गया है।

0000000000000000000000

कल राज्य भर में उनासीवां स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। लोकसभा सांसद तापिर गाओ ने ईस्ट सियांग जिले के पासीघाट आउटडोर स्टेडियम में तिरंगा फहराया। सांसद ने अरुणाचल प्रदेश सहित देश के स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

उन्होंने विभिन्न विभागों के 28 पुरस्कार विजेताओं को प्रशस्ति प्रमाण पत्र प्रदान किए और नवनियुक्त गांव बूढ़ा को लाल कोट और नियुक्ति आदेश भी सौंपे। इस बीच, विधायक निंनोंग इरिंग ने रुक्सिन एडीसी मुख्यालय में राष्ट्रीय ध्वज फहराया।

0000000000000000000000

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल रिटायर्ड के.टी.परनाइक ने नागालैंड के राज्यपाल ला गणेशन के आकस्मिक निधन पर शोक व्यक्त किया। अपनी संवेदना व्यक्त करते हुए, राज्यपाल ने कहा कि स्वर्गीय गणेशन एक आदरणीय राजनेता, एक अनुकरणीय और समर्पित सामाजिक कार्यकर्ता थे, जिन्होंने जनता के कल्याण के लिए अथक परिश्रम किया और सार्वजनिक जीवन में ईमानदारी और विनम्रता के सर्वोच्च मूल्यों को बनाए रखा। वे मार्च 2025 में अरुणाचल प्रदेश के दौरे पर आए थे।

0000000000000000000000

ईटानगर मौसम विभाग ने आज अरुणाचल प्रदेश के 16 जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। विभाग के अनुसार इन जिलो में अगले 24 घंटों में अलग अलग स्थानों में ग़रज के साथ बिजली गिरने और बहुत तेज बारिश होने की संभवना है।

0000000000000000000000

ऑपरेशन सद्भावना के तहत भारतीय सेना की पहल, आरोग्यम स्वास्थ्य एवं कल्याण केंद्र का उद्घाटन आज तवांग जिले के जांग सब-डिविज़न के अंतर्गत दाहझोंग, थिंगबू हाइडल में तवांग उपायुक्त नामग्याल आंगमो द्वारा किया गया। बुनियादी जीवन रक्षक सुविधाओं से सुसज्जित, इस केंद्र का उद्देश्य थिंगबू, मागो, जेथांग और लुगुथांग आने वाले ग्रामीणों एवं पर्यटकों को समय पर स्वास्थ्य सहायता प्रदान करना है।

0000000000000000000000